जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

दिनांक: 19/04/2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने उपलब्धि प्राप्तकर्ता छात्रों और शिक्षकों को किया सम्मानित

स्कूल के मेधावी छात्रों और शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए दिनांक 19 अप्रैल 2024 को जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) के मल्टी पर्पस हॉल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो इकबाल हुसैन, कार्यवाहक कुलपति, जामिया थे। प्रो सारा बेगम, डीन, शिक्षा संकाय, जामिया, प्रो आसिफ हुसैन, प्रभारी, बिल्डिंग विभाग, जामिया और अमेरिकन फील्ड सर्विस (एएफएस) से सुश्री हिना सैफी कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि थे। इस समारोह की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई।

डॉ मो. अरशद खान जेएसएसएस के प्रिंसिपल ने मेहमानों का स्वागत किया और विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित होने वाले छात्रों का परिचय दिया। स्वागत भाषण के उपरांत दसवीं कक्षा की छात्राओं सुश्री आरिफ़ा शहाब और सुश्री इरशा परवीन, जिन्हें एएफएस द्वारा प्रस्तावित प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति कार्यक्रम हेतु चयनित किया गया है उनका स्वागत उनके माता-पिता के साथ गुलदस्ते और स्मृति चिन्ह से किया गया।

इसके साथ साथ डॉ. अताउर रहमान, व्याख्याता रसायन विज्ञान और हयात आलम, व्याख्याता अर्थशास्त्र को भी एनसीसी में उनके प्री-कमीशन (पीआरसीएन) पाठ्यक्रम को पूरा करने हेतुसम्मानित किया गया जो कि एक कठिन प्रशिक्षण है जिसमें महीनेभर से अधिक समय लगा। बारहवीं कक्षा की सुमैया ने अल्लामा इकबाल की एक सुंदर कविता सुनाई और छात्रों को मेहनती शिक्षार्थी और सुधारक बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

बारहवीं कक्षा के शाहिद रिदाद हसन को भी खुसरो फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता जीतने के लिए एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया । उन्हें 30000 रुपये का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

सुश्री आरिफ़ा शहाब और सुश्री इरशा परवीन ने भी मंच से अपनी मन की भावनाओं को व्यक्त किया और छात्रों को जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया